Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding setting up an additional Krishi Vigyan Kendra in Bhind District, Madhya Pradesh

श्रीमती संध्या राय (भिंड): आदरणीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कृषि मन्त्री जी का ध्यान अपने भिंड जिले के किसानों की समस्या की तरफ आकर्षित करना चाहती हूँ। किसानों के लिए अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने की आवश्यकता है। राजमाता विजयाराजे कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के अन्तर्गत भिंड जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र खोला जा सकता है।

महोदय, इससे मेरे क्षेत्र व आस-पास के किसान अत्यन्त लाभ उठा सकेंगे एवं इससे सभी किसानों की समस्याओं का निराकरण किया जा सकेगा। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में चल रही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मुख्यधारा में किसानों को लाया जा सकेगा व उनको सरकार की प्राथमिकता के अनुसार समृद्ध किया जा सकेगा।